हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

**तापमान**
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

12 देशभर में सोलर प्लांट लगवाने वाले एक करोड़...



12 हेड बॉय कुणाल एवं हेड गर्ल की ट्रॉफी भारती को मिली



# घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच मना नव वर्ष

**आसमान में दिन भर छाए रहे बादल व चलती रही शीतलहर, ठंड में ठिठुरते हुए लोगों ने निपटाए अपने कामधंधे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हैप्पी न्यू ईयर-2026 का स्वागत भी पहले दिन घना कोहरा, कड़कड़ाती ठंड और शीतलहर ने किया। वीरवार को नव वर्ष के शुभारंभ पर आसमान में जहां धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से सड़को पर यातायात प्रभावित रहा। शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। आलम यह रहा कि लोगों ने ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाए।

वहीं, पिछले कई दिन से सुबह के वक्त पड़ रहे घना कोहरा के कारण आलू की फसल प्रभावित होने लगी है। मौसम में ठंडक होने से नव वर्ष के पहले दिन जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो नव वर्ष में भी अगले कुछ दिन तक कड़ाके की ठंड बने रहने की संभावना है।

**मौसम**

- मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले के तापमान में आई गिरावट
- वीरवार को जिले का अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 7 डिग्रीसेल्सियर रहा तापमान

**घना कोहरा के बीच से गुजरते वाहन**



### ठिठुरन ने किया नववर्ष का वेलकम

नव वर्ष का आगाज होते ही वीरवार को अल सुबह पिछले कई दिन की तरह घना कोहरा छा गया। वहीं, शीतलहर चलने लगी और आसमान में धुंध के बादल छा गए। आलम यह थी कि घना कोहरा छाए रहने से आसमान से औस की बुंदे टपकने से मौसम में हाड़ गलाने वाली ठंड बन गई। नव वर्ष के पहले दिन लोग दिन भर ठंड में ठिठूरते रहे।

### तापमान में आई गिरावट

नव वर्ष के पहले दिन शीतलहर चलने व आसमान में बादल छाए रहने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रह गया।



### आलू की फसल होने लगी प्रभावित

पिछले कई दिन से मौसम में दिनों दिन बढ़ रही ठंड व शीतलहर चलने से आलू की फसल प्रभावित होने लगी है। सब्जी उत्पादक किसान हरबीर सिंह, नरेश कुमार, सुखपाल व श्याम लाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से पाला पड़ने लगा है। जिससे आलु की फसल के लिए नुक्सानदायक है। यदि इसी तरह पाला पड़ता रहा तो आलु की फसल में काफी नुक्सान होने की संभावना है।

---

**खबर संक्षेप**

### झूठी निकली दो लाख की लूट की वारदात

**पानीपत।** जीटी रोड मलिक पेट्रोल पंप के पास युवक के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने दो घंटे में पर्दाफाश कर दिया। शिकायतकर्ता राघव सिंगला निवासी रोशन महल ही मुख्य साजिशकर्ता निकला। राघव तीस दिसंबर को ऑनलाइन क्रिकेट गेम में रुपये हार गया था। घर वालों के डर से उसने लूट की मनगढत कहानी बनाकर 112 पर लूट की सूचना दी। एएसपी हर्षित गोयल ने बताया कि थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर महिपाल व सीआईए की तीनों टीमें ने केस की जांच की। जांच में राघव पर शक होने पर उससे पूछताछ हुई तो उसने माना की लूट नहीं हुई और वह नगदी ऑनलाइन क्रिकेट गेम में हार गया था। झूठी शिकायत देने पर राघव सिंगला को गिरफ्तार किया गया है।

### पानीपत में रंगदारी मांगने में केस दर्ज

पानीपत। पानीपत की देसराज कॉलोनी में हिस्ट्रीशीटर इंद्रजीत के कार्यालय के बाहर दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग करने के मामले में थाना तहसील कैंप पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शरू कर दी है। स्मरणीय है कि बदमाशों ने सरेआम गोलियां चलाकर चिट्ठी कार्यालय में फैंकी, जिसमें इंद्रजीत से दस लाख रूपये की फिरौती मांगी गई है। आरोपियों ने स्वयं को नीरज बवाना गैंग से बताया है। इधर, इंद्रजीत शराब कारोबारी है और उस पर अपराधिक आरोपों में केस दर्ज है।

### यमुनानगर में 68.14 लाख की लगाई चपत

# आनलाइन बिजनेस के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**कंबोडिया से लौटते ही आरोपी को दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनागर

साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम ने ऑनलाइन बिजनेस और मर्चेंट अकाउंट के जरिए मुनाफे का झांसा देकर थर्मल पावर प्लांट कॉलोनी पांसरा निवासी प्रदीप कुमार सेठी से 68.14 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी पंजाब के मोहाली निवासी शमशेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कंबोडिया से वापस भारत लौटा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार एडिशनल पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि थर्मल पावर प्लांट कॉलोनी पांसरा निवासी प्रदीप कुमार सेठी ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी थी कि 29 जुलाई को उसके एक्स ट्विटर अकाउंट पर एक मैसेज आया। जिसके बाद एक महिला ने संपर्क कर अपना नाम प्रज्ञा पुरी बताया। बातचीत के दौरान महिला ने ऑनलाइन बिजनेस में मोटे मुनाफे का लालच दिया और मर्चेंट अकाउंट के जरिए खरीद-फरोख्त का दावा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पीड़ति को एक लिंक भेजकर फर्जी वेबसाइट के जरिए निवेश करवाया और शमशेर सिंह नामक व्यक्ति से भी उसकी बात करवाई। इस तरह अलग-अलग तारीखों में कुल 68 लाख 14 हजार 418 रुपये पीड़ित से अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। जब पीड़ति ने मुनाफे की राशि मांगी तो आरोपी संपर्क से बाहर हो गए।



- यमुनागर साइबर थाना में 13 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ था केस

### मोहाली का है आरोपी

जांच के बाद थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने मुख्य आरोपी शमशेर सिंह निवासी मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कंबोडिया से भारत लौटा था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए संपर्क कर इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी की। मामले में महिला आरोपी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ठगी से जुड़े नेटवर्क और पैसों के लेन-देन की गहन जांच जारी है, जल्द ही अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की अपील

साइबर ठगी के मामले को लेकर पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहें और किसी भी साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दें या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस
- आरोपी पहले भी भवन का कर चुके हैं बयाना



### भवन की खरीद फरोख्त में रिटायर्ड सैनिक को लगा 26 लाख का चूना

**अंबाला।** बलदेव नगर के आसा सिंह गार्डन में मकान खरीदने के नाम पर एक सेवानिवृत फौजी से 26 लाख रुपये की ठगी हो गई। जालसाजों ने एक ही मकान को तीन अलग-अलग लोगों को बेचकर लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस ने यमुनानगर के महमूदपुर गांव के सेना से रिटायर्ड संजय कुमार की शिकायत पर प्रॉपर्टी डीलर कुलदीप और अजय कुमार सहित एक महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें आसा सिंह गार्डन में एक मकान दिखाया था। एकर महिला को मकान की मालकिन बताया गया था, जबकि मकान का सौदा एक करोड़ 53 लाख रुपये में तय हुआ था। पीड़ित संजय कुमार ने बताया कि उन्होंने लोन लेकर और परिवार की जमापूंजी जोड़कर अलग-अलग तारीखों में कुल 26 लाख रुपये बयाने के तौर पर आरोपियों को दे दिए।

**कुछ राशि नकद व ऑनलाइन ट्रांसफर की**

इसमें से कुछ राशि नकद और कुछ ऑनलाइन ट्रांसफर की गई थी, जब रजिस्ट्री का समय आया और संजय ने दस्तावेजों की मांग की, तो आरोपी टालमटोल करने लगे। जब पीड़ित आरोपियों के घर पहुंचा तो वहां ताला लटका मिला। पड़ोसियों से पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी अजय कुमार पहले से ही किसी मामले में जेल में बंद है। जांच करने पर यह भी खुलासा हुआ कि उक्त मकान का सौदा आरोपी पहले ही किरणपाल, रणदीप और दिल्ली निवासी मोहम्मद हसीब के साथ भी कर चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी बलदेव नगर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है।

### इंद्री में विशाल नगर कीर्तन



इंद्री 1 गुरुद्वारा सिंह सभा इंद्री द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के अवसर पर नगर कीर्तन की शोभा बढाते पंज प्यारे। 2 जनवरी को सायं 7 बजे से 11 बजे तक कीर्तन दरबार होगा तथा 3 जनवरी को श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग प्रात 10 बजे, कीर्तन दरबार दोपहर 2 बजे तक होगा।

**कॉमन सर्विस सेंटरों की गतिविधियां नियमों के विरुद्ध**

# पानीपत में खामियां मिलने पर 203 कॉमन सर्विस सेंटर्स की आईडी बंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला प्रबंधक नीरज कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य में कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) की पारदर्शिता और नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएससी द्वारा राज्य स्तरीय निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान पाया गया कि कई सीएससी निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहे थे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सामने आया कि कई सीएससी बिना प्रॉपर सेटअप के चल रहे थे।

कई स्थानों पर सीएससी का अधिकृत ब्रांडिंग बोर्ड और निर्धारित फीस चार्ट तक नहीं लगाया गया था। नियमों का उल्लंघन करने वाले केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3075 सीएससी आईडी ब्लॉक की गईं। उन्होंने बताया कि पानीपत जिले में निरीक्षण के बाद 203 सीएससी आईडी बंद की गईं। जांच में पाया गया कि ये केंद्र या तो धरातल पर सक्रिय नहीं थे या फिर निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जो भी सीएससी सेंटर नियमों का पालन करते नहीं पाए जाएंगे, उनकी आईडी बंद कर दी जाएगी।

---

**कुरुक्षेत्र में दो अलग-अलग जगह सड़क हादसे**

# कार ने बाइक को मारी टक्कर जीजा की मौत व साला गंभीर

- हादसे के बाद आरोपी कार ड्राइवर मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा में ढांड रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में बाइक चला रहे 2 बच्चों के पिता की मौत हो गई, जबकि उसका साला जख्मी हो गया। एक्सीडेंट के बाद आरोपी कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान भजन लाल (36) निवासी सरस्वती खेड़ा कॉलोनी के रूप में हुई। भजन लाल ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। भजन लाल अपने गांव की सरपंच का बहनोई था। भजन लाल अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। टींकू राम (35) निवासी बलवंती जिला ने बताया कि वह अपने जीजा भजन लाल के साथ पराली की गांठ बनाने करने का काम करता था। अभी उन्होंने असंध में गांठ बनाने का काम लिया हुआ था। वे बुधवार को अपनी बाइक पर काम खत्म करके नए साल मनाने के लिए घर आ रहे थे। जैसे वे रात करीब 8 बजे ढांड रोड पर अरनैचा गांव पहुंचे, तो पिहोवा की ओर आई तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बगैर इंडिकेटर दिए अचानक जडौला की तरफ मुड़ते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे दोनों सड़क किनारे गिर पड़े। उसके जीजा भजन लाल का सिर सड़क पर जोर से लगा। हादसे के तुरंत बाद राहगीर इकट्ठे हो गए। उसने अपने जीजा भजन लाल के भाई संजय को फोन कर सूचना दी। संजय और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उनको पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भजन लाल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। रास्ते में भजन लाल की हालत बिगड़ गई। ट्रैफिक जाम और भजन लाल की नाजुक हालत को देखते हुए परिवार ने उसे एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र ले गए, लेकिन अस्पताल के गेट पर ही आखिरी सांस ली। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर केस दर्ज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

### तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आने से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

बुधवार रात्रि देवीलाल चौक के समीप जोगी बस्ती निवासी युवक अल्केश को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से भाग गया। जानकारी के मुताबिक अल्केश रात का खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से आया था। अल्केश पैनोरमा के पास घूम रहा था। इस दौरान किसी तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही अल्केश सड़क पर गिर गया। सिर में चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर मौत हो गई। हालांकि राहगीरों ने उसे एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया।

यहां डॉक्टरों ने अल्केश को मृत घोषित कर दिया। उधर, सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चरी में रखवा दिया। अल्केश के 2 भाइयों की मौत पहले मौत हो चुकी है। अल्केश की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक छोड़कर भागे लुटेरे

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में दुकानदार अशोक को पिस्तौल दिखाकर बाइक सवार दो बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया गया। वहीं अपने साथ लूट होती देख दुकानदार अशोक ने शोर मचाने दिया। इधर, पकडे जाने के डर से दोनों बदमाश अपनी बाइक को अशोक की दुकान के आगे छोड कर फरार हो गए। इधर, इसराना पुलिस ने बाइक संख्या एचआर40जी0536 को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया और दो बदमाशों पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानेदार इसराना अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों की जल्द शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हरियाली युवा संगठन ने नव वर्ष पर वितरित किए कंबल

**इंद्री।** हरियाली युवा संगठन द्वारा नव वर्ष के अवसर पर खुशियों की चद्दर कार्यक्रम के तहत संगठन अध्यक्ष सूरजभान बुटानखेड़ी की अध्यक्षता में गांव जनेसरो के समीप बने ईंट भट्टे पर जाकर जरूरतमंद परिवारों को सर्दी के मौसम के चलते व सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल व बच्चों को बिस्कुट वितरित किए गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरीब व जरूरतमंद की मदद करना पुण्य का काम है। हमें गरीब लोगों की सेवा करने का अवसर नहीं खोना चाहिए। गरीब का घर मंदिर के गुल्लक से बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि इन्सान का सबसे बड़ा धर्म जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। संगठन की ओर से हर वर्ष ठंड से बचने के लिए बुजुर्ग लोगों व जरूरतमंद को गर्म कम्बल बांटे जाते है। इस मौके पर संगठन सदस्य केहर सिंह, प्रवीण रामपुरा, रितु कश्यप, विजय कुमार, कोमल, संदीप व रवि कुमार आदि मौजूद रहे।



**इंद्री।** गांव जनेसरों के पास जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित करते हरियाली युवा संगठन सदस्य।

**हड़कंप** जिला नगर योजनाकार के दस्ते ने की कार्रवाई

# 20 एकड़ में गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही कॉलोनियों में ढहाए निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला छावनी में लगभग 21.5 एकड़ में बनी 6 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की गई। इनमें गांव चंदपुरा में लगभग 10.1 एकड़ में व गांव सरसेहड़ी में लगभग 10.2 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 3 अवैध कॉलोनियों तथा गांव रौंलो में लगभग 1 एकड़ में गैरकानूनी तरीके से विकसित की जा रही 1 में हुए निर्माण को ढहाया गया।

इन कॉलोनियों में कच्ची सडक़ों के जाल के साथ 27 निर्माण कार्य भी ढहाए गए।



**आमजन से अपील**

मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र पंवार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि वे प्रोपट्री डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में कोई प्लाट न खरीदें। चेतावनी के बावजूद अगर किसी ने इन कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर निर्माण करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गांव मानकपुर की पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के 20 पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव मानकपुर वन की पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के 20 पेड़ दो लोगों ने काटकर चोरी कर लिए। चोरी हुए शीशम के पेड़ों की कीमत करीब तीन लाख रुपए है। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर दोनों आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार खंड छछरौली के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मानकपुर वन की पंचायती भूमि पर शीशम के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जांच करने पर पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के 20 पेड़ कटे मिले। उसने बताया कि चोरी हुए शीशम के पेड़ों की कीमत करीब तीन लाख रुपए है। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि गांव मानकपुर वन निवासी शौकीन व राहुल कश्यप ने शीशम के पेड़ों को काटकर चोरी किया है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- चोरी हुए शीशम के पेड़ों की कीमत करीब तीन लाख

**खबर संक्षेप**

### निगम में मोबाइल फोन पर लगाया सख्त प्रतिबंध

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के आदेश पर नगर निगम करनाल में कार्यालय समय के दौरान अनावश्यक मोबाइल फोन उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस निर्णय का उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाना, कार्यालय अनुशासन सुनिश्चित करना और आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि यह देखा गया है कि कुछ कर्मचारी कार्यालय समय में अनावश्यक रूप से मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, जिससे कार्य प्रभावित होता है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यालय समय में मोबाइल फोन का अनावश्यक प्रयोग वर्जित किया गया है।

### वरदानों को स्मरण रखते हुए लक्ष्यों की होगी प्राप्ति



**कुरुक्षेत्र।** हैप्पी न्यू ईयर परमात्म गीत की मधुर ध्वनि के साथ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेवा केंद्र में वर्ष 2025 को विदाई एवं नव वर्ष 2026 के स्वागत के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर एवं ग्रामीण अंचल से जुड़े अनेक बहन-भाइयों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काट कर किया गया। सेवा केंद्र प्रभारी एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने उपस्थित सभी बहन-भाइयों का हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। बी.के. प्रियंका एवं गौरव ने एक प्रेरणादायक लघु अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि वर्ष 2025 में रह गई कमियों को पहचान कर, परमात्मा से प्राप्त वरदानों को स्मरण रखते हुए वर्ष 2026 में अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है।

### समाज को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लें

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जिला के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नववर्ष जीवन में नई संभावनाओं, नई उम्मीदों और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक होता है। यह समय है आत्ममंथन कर नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपने दायित्वों को और अधिक जिम्मेदारी से निभाने का। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र एक तेजी से विकसित होता जिला है

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर निकाला विशाल नगर कीर्तन

## नगर कीर्तन का लोगों ने लंगर लगा स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

गुरुद्वारा सिंह सभा इंद्री द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के अवसर पर कस्बे में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई कर रहे पंज प्यारे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाए हुए थे।

कस्बे में निकाले जा रहे नगर कीर्तन का कस्बावासियों ने जगह-जगह लंगर लगा कर स्वागत किया। नगर कीर्तन में क्षेत्र व कस्बे की जनता ने बढ़-चढ कर भाग लिया। नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाने के लिए पंथ के प्रसिद्ध कविशरी जत्थे व प्रचारक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का गुणगान कर रहे थे।

गतका पार्टी एवं बैंड बाजे नगर कीर्तन की शोभा बढा रहे थे। भाई गुरमुख सिंह ने बताया कि सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने पंथ की रक्षा के लिए अपने पुरे परिवार की कुर्बानी दे दी, उनकी कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा इंद्री के प्रधान गुरप्रीत सिंह वालिया व उप प्रधान अवतार सिंह चट्ठा ने बताया कि गुरुद्वारा सिंह सभा हर वर्ष तीन दिवसीय गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश उत्सव मनाती है। उन्होने बताया कि 2 जनवरी को सायं 7 बजे से 11 बजे तक कीर्तन दरबार होगा तथा 3 जनवरी को श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग प्रात 10 बजे, कीर्तन दरबार दोपहर 2 बजे तक होगा। इस दौरान गुरु का लंगर अतुट वरतेगा। कार्यक्रम मे समूह हलका वासी एवं गुरुद्वारा सिंह सभा इंद्री का अहम योगदान रहता है।



**इंद्री।** गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के अवसर पर नगर कीर्तन मे गतका पार्टी के सदस्य अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### हवन-यज्ञ कर भंडारा लगाया

*इंद्री। देवी मंदिर इंद्री में ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले का जन्मदिन गुरु परिवार की ओर से धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर देवी मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी मोहित शर्मा ने हवन-यज्ञ करवाया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरु परिवार के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहते हैं।*



# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़, संगठन की मजबूती का आधार : लाठर

■ भाजपा अर्बन मंडल करनाल की पदाधिकारी बैठक में बूथ स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ंडल प्रवास कार्यक्रम के तहत करनाल भाजपा अर्बन मंडल की पदाधिकारी बैठक मंडल उपाध्यक्ष अल्का चौधरी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की।

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, क्योंकि वे जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करते हैं, नीतियों को आमजन तक पहुंचाते हैं और चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे संगठन को जनता की समस्याओं और जरूरतों की वास्तविक जानकारी मिलती है। भाजपा अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने बताया कि बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करना है। इसके लिए बूथ समितियों के गठन और सक्रियता पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता पार्टी की राष्ट्रहित की विचारधारा से लोगों को जोड़ते हैं, वही सच्चे अर्थों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। बैठक में मंडल प्रभारी मदन गुज्जर, मंडल महामंत्री राजेश गोयल, संजीव बजाज, वरिशा कम्बोज, श्वेता मैहता, राकेश बतरा, सोनिया कम्बोज, दल सिंह राणा, राजेन्द्र शर्मा, योगेश सचदेवा, गौरव हंडूजा, शिवम शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**करनाल।** भाजपा अर्बन मंडल की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली में संकीर्तन आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में नव वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में गुरुवार को संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ।

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली की संकीर्तन मंडली के गायिका शिमला धीमान,आशा कवातरा, पायल सैनी, कोमल मेहरा,निशा अरोड़ा, सुरेन्द्र कौर, सुमित्रा पाहवा और भक्त सुशील तलवाड़ ने नी मैं नचना श्याम दे नाल, मैं राधे राधे गाउं , मां तुमसे जुदा होंके आदि सुंदर सुंदर भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया।

**न्यूज डायरी**

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया नववर्ष समारोह



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में नववर्ष समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में नववर्ष समारोह अत्यंत सौहार्द, स्नेह और उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह ने कॉलेज के प्राध्यापकों, गैर शिक्षण कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि नववर्ष सभी के लिए नई उपलब्धियों और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश लेकर आए। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 कॉलेज और विद्यार्थियों के लिए उपलब्धियों से भरा रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन डा. देवी भूषण ने किया, जबकि डा. वीर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। डा. कृष्ण अरोड़ा ने अपने गीतों से समारोह को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर चाय पार्टी का आयोजन भी किया गया।

### नशामुक्त हरियाणा के तहत जागरूकता शिविर

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टूमारो अभियान के अंतर्गत जिला करनाल के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर डा. नीना द्वारा नारी निकेतन में रह रही महिलाओं तथा प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे ज्यूविनायलों को इन अभियानों की जानकारी दी गई। उन्हें नशे, बाल विवाह और पर्यावरण प्रदूषण से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही महिलाओं और ज्यूविनायलों के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें नारी निकेतन और प्लेस ऑफ सेफ्टी के स्टाफ ने भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्लामनगर में विद्यार्थियों व स्टाफ को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह जैसे मामलों की सूचना संबंधित विभागों को देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने का आह्वान किया। इंस्पेक्टर राजेशलता द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी नरु, जेपीएस एकेडमी निसिंग तथा राजकीय उच्च विद्यालय हथलाना में जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### वात्सल्य वाटिका में आयुर्वेदिक-होम्योपैथिक शिविर



**थानेसर।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि वात्सल्य वाटिका में निशुल्क आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा,वात्सल्य वाटिका संस्थापक संत महाराज हरिओम, श्री कृष्णा पांचाल, पूर्व अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी ने दीप प्रज्वलित करके इस शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डा. अदिति द्वारा आयुर्वेदिक एवं डा. स्मृति द्वारा होम्योपैथिक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं मौसम के अनुसार खानपान की विस्तृत जानकारी दी गई। योग सहायक बाला देवी योग की क्रिया करवाई गई। विजय कुमार दहिया आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, रीना होम्योपैथिक फार्मासिस्ट द्वारा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई एवं होम्योपैथी आयुर्वेदिक लगभग 230 बच्चों का स्वास्थ्य की जांच की गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि सर्दी के मौसम में बालक बालिकाओं में कई बीमारियों के बढ़ने का खतरा रहता है इसलिए उनको सर्दी के मौसम के अनुसार रहन-सहन वह खान-पान के बारे में उन्हें बताया गया। इस मौके पर आयुष विभाग व वात्सल्य वाटिका के सदस्य अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हजारों जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र किए वितरित



**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय संघ की ओर से प्रति वर्ष की भान्ति नव वर्ष सेवा-दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम कुरड़ी स्थित समाधि मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने कार्यक्रम में हजारों जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल शॉल और गर्म वस्त्र वितरित किए। इससे पहले108 कुंडीय ओंकार महायज्ञ भी हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और ओंकार महायज्ञ में आहुतियां डालकर नए साल में सबकी खुशहाली की मन्नते मांगी। सभी ने नव वर्ष पर गुरू महाराजश्री एवं गुरु-माता का आशीर्वाद लिया। वहीं ओंकार महायज्ञ की पूर्णाहुति कुरड़ी वाले महाराजश्री व गुरु माता ने डाली। स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की स्मृति में नव वर्ष को सेवा-दिवस के रूप में मनाना चाहिए और सेवा निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

# कल्याण ने की क्षेत्र की खुशहाली की कामना

■ घरौंडा के गुरुद्वारे में आयोजित नगर कीर्तन में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। घरौंडा के गुरूद्वारे में आयोजित नगर कीर्तन में भाग लिया और नगर खेड़ा पर माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली, लोगों के उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की।

नव वर्ष पर आज बड़ी संख्या में लोगों ने भी कुटैल स्थित फार्म हाउस पहुंच कर विधानसभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। श्री कल्याण ने कहा कि हलके को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। खुद व परिवार के विकास के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान सुनिश्चित करना होगा, ऐसा करने से ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो सकता है।

### जनसमस्याएं सुनीं

फार्म हाउस पर उन्होंने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। चौरा के लोगों ने श्री कल्याण से बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों ने पीर बड़ौली से लालुपुरा तक अधूरी पड़ी पीडब्ल्यूडी की सडक़ का निर्माण कार्य पूरा कराने, मेरठ रोड से लालुपुरा बांध तक की सडक़ की मरम्मत कराने, फुरलक गांव में सचिवालय, ई-लाइब्रेरी, श्मशान घाट में प्रार्थन सभा हॉल का निर्माण कराने, गांव कैमला में श्मशान घाट रास्ते पर दोनों ओर दीवार, शैड, सोलर लाइट व मुख्य द्वार बनवाने का अनुरोध किया।

**पीयूष मुनि महाराज का प्रवचन**

# नववर्ष विविधता, सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का अवसर

**करनाल।** भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में अनेक सभ्यताएं, संस्कृतियां और परंपराएं हैं तथा सभी का नववर्ष अलग-अलग नामों और मान्यताओं के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नववर्ष से जुड़े सभी कैलेंडर सूर्य अथवा चंद्रमा की गति के आधार पर निर्धारित होते हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों में तापमान, ऋतु चक्र तथा दिन-रात की अवधि अलग-अलग होती है, जिसके कारण नववर्ष की तिथियों में भी अंतर देखने को मिलता है।

उन्होंने बताया कि ईसाई परंपरा के अनुसार नववर्ष को सृष्टि उत्पत्ति दिवस के रूप में माना जाता है। इस दिन पृथ्वी तत्व रूप में स्थापित हुई और प्रकृति ने इसे ऊर्जा प्रदान की। इसी दिन इस धरा पर प्रथम नर-नारी के शुभ आगमन का प्रतीकात्मक स्मरण किया जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसे आत्ममंथन और सकारात्मक संकल्पों का पर्व बताया।

पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक मानव को अपनी परंपरा अनुसार धर्म की आराधना करनी चाहिए, साथ ही अन्य सभी धर्मों और मान्यताओं का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जीव मात्र की सुरक्षा, सभी को सुख पहुंचाने का भाव, विविधताओं के बावजूद सद्भाव और परस्पर सहयोग की भावना तथा महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर आदर्श मानव बनने का प्रयास ही सुखी, स्वस्थ और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने पुरातन संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्याध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलोढ़ा, जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा सहित अनेक राजनीतिक, प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद सेवा का लाभ अलका-राजेश जैन बड़ौत तथा सुप्रभा-प्रो. केवलकृष्ण जैन अंबाला छावनी ने लिया।



**करनाल।** श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में नववर्ष अवसर पर प्रवचन करते पीयूष मुनि जी महाराज। *फोटो : हरिभूमि*

### सुबह बूंदाबांदी, दिनभर नही हुए सूर्यदेव के दर्शन, ठंड ने लोगों को घरों में किया कैद

**कुरुक्षेत्र।** वीरवार सुबह बूंदाबांदी के बाद हाड कंपकपा देने वाली ठंड से आम जानस का सामना शुरू हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सीधा असर नजर आ रहा है। ठंड ने वीरवार को लोगों को घरों में कैद कर दिया। इसका असर आम रास्तों से लेकर बाजारों पर भी साफ नजर आया। सूर्य देवता ने पूरे दिन दर्शन नहीं दिए। सुबह तेज हवाओं ने शीतलहरी पैदा कर दी। सुबह से ही लोग अलाव सेकते व गर्म कपड़े पहने हुए दिखाई पड़े। ठंडक की वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से अस्त-व्यस्त रही।

जल्दी उठने वाले लोग ठंडी हवाओं के झोंकों से देर तक बिस्तर व आग के सहारे भगवान भास्कर को याद करते मिले। वीरवार को अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड बढ़ने का सबसे ज्यादा असर कार्यालयों में पहुंचने वाले लोगों पर पड़ा है।

# जनसेवा, सादगी और ईमानदारी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ चौधरी चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री स्व. चौधरी चंदा सिंह की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर करनाल स्थित उनके निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके पुत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चौ. ललित बुटाना ने परिवार सहित हवन किया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने आहुति डाली। सभा में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने स्व. चौधरी चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चंदा सिंह का सामाजिक और राजनीतिक जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा को समर्पित रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला शहरी अध्यक्ष पराग गाबा, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व मंत्री भीम मेहता, असंध से पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्द्रजीत सिंह गोराया, ओम प्रकाश सलूजा, अमरजीत धीमान, राजीव गोंदर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





**करनाल।** स्व. चौधरी चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता।

**नववर्ष पर श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में भजन-कीर्तन आयोजित**

# भजन, पंचामृत स्नान के साथ नववर्ष का शुभारंभ

■ श्री राम मंदिर महिला मंडल कलानौर के लिए रवाना हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नववर्ष के उपलक्ष्य में धर्म और आस्था के प्रतीक श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर नववर्ष का श्रद्धा एवं उल्लास के साथ स्वागत किया। मंदिर परिसर में पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाने वाले भजनों की प्रस्तुति दी गई। वीना सेठ, अनु खट्टर, सुशील मदान और सुमन बत्रा ने नववर्ष की शुभकामनाओं से जुड़े भजन व बधाई गीत प्रस्तुत किए, जिनमें श्रद्धालु भावविभोर होकर शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के चरणों में नतमस्तक होकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर प्रधान जगन बत्रा एवं प्रवीण बत्रा का जन्मदिन भी भक्तिमय वातावरण में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य यजमान वीना सेठ ने अन्य श्रद्धालुओं के साथ मिलकर भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया। पंडित अनिल द्विवेदी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान आशुतोष से समाज में शांति, सद्भाव और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री राम मंदिर महिला मंडल कलानौर के लिए रवाना हुआ, जहां प्रत्येक वर्ष की भांति गुरु महाराज जी के चरणों में श्री सुंदरकांड का पाठ किया जाता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगन बत्रा, रविंद्र बत्रा, अशोक मदान, पवन धमीजा, नीरज कपूर, मुरारी बत्रा, उषा ढींगरा, चंद्र बत्रा, रेनू तनेजा, सुषमा धमीजा, सर्वेश, संतोष, विभा बत्रा, संगीता बत्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में नववर्ष पर भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

### श्रीश्याम द्वादश संकीर्तन का आयोजन किया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में बुधवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए समिति के प्रधान सुभाष सुखीजा और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों ने श्याम पूजन किया। रात्रि 12 बजे तक चले संकीर्तन के पश्चात सभी भक्तों को नववर्ष की बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा,गिफ्टी शर्मा और हर्ष गोयल ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई।

## खबर संक्षेप

### वर्ष के पहले दिन लगा जनता समाधान शिविर

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में वर्ष के प्रथम गुरुवार को जनता समाधान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें नागरिकों ने विभिन्न विभागों की उन्नीस शिकायतें दर्ज करवाई। जिनमें अधिकांश शिकायतें फैमिली आईडी में आय संशोधन से जुड़ी हुई थीं। कैंप में सीईओ डॉ. किरण एवं नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का कम से कम समय में प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही को दर्शाता है।

### नकारात्मकता का त्याग करे मानव : बीके अंजना

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-25 ब्रह्माकुमारी सेंटर पर आयोजित नए वर्ष कार्यक्रम में बीके अंजना बहन ने कहा कि नव वर्ष पर सभी के सद्भावना के साथ रहने का संकल्प लेना चाहिए। हर इंसान को अपने अंदर से नकारात्मकता का त्याग कर सद्भावना के साथ जीवन यापन करना चाहिए। सभी को अपने विचार, व्यवहार व कर्म को शुद्ध करना चाहिए। इस अवसर पर सुभाष, बलदेव वर्मा, कर्मवीर, रविन्द्र नांदल, उषा, राज, सुरेश, प्रोमिला आदि शामिल रहे।

### कुम्हार महासभा ने बैठक की

**पानीपत।** प्रजापति कुम्हार महासभा के प्रधान सत्यवान काबडी के नेतृत्व में महासभा की बैठक हुई। इसके बाद महासभा के पदाधिकारियों ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को उनके निवास पर जाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सूरत सिंह बावलिया, आदेश सिंह, महावीर बावलिया, गोपी राम भल्लोर, बलजीत मडलौडा, रामशरण, मास्टर कृष्ण, रणधीर रोधिया, रामेश्वर गोला, धर्मपाल नम्बरदार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### छात्रों ने नशे के विरुद्ध शपथ ली

**पानीपत।** नशा मुक्ति अभियान के तहत पानीपत पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर गठित एक टीम ने नोडल अधिकारी, डीएसपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव डाहर का दौरा किया। टीम ने गांव के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने छात्रों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान समझाते हुए विद्यार्थियों को जीवन में कभी नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर रही काम : सुभाष

**शाहबाद।** नए साल के आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना और ग्राम पंचायत अजराना खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने मानवता की सेवा की एक मिसाल पेश की है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने शाहबाद के विभिन्न गांवों और मारकंडा पुल के पास स्थित कॉलोनियों में जरूरतमंद परिवारों को करीब 400 कंबल वितरित किए हैं। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि नववर्ष का असली आनंद असहाय लोगों की सेवा में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर काम कर रही है।

### महिला योग शक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत युधिष्ठिर योग जिला कुरुक्षेत्र ने महिला योग शक्ति दिवस धूमधाम व बड़े उल्लास से मनाया। सेक्टर 7 के शिव शक्ति मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री रेणु खुग्गर रही । मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राजेश और वीरमती ने हरयाणवी गीत, रेखा, रेणु, रंजना, कृष्णा, प्रोमिला बत्रा ने कव्वाली, बरखा, राजेश, सुमन तोमर, रेखा ने लघु नाटिका तथा श्वेता एवं सखियों ने योग गीत - योग कर ले सवेरे की सुंदर व मोहक प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन जिला प्रधान सुमन तोमर ने किया।

---

कार्यक्रम में रॉक संकीर्तन का आयोजन किया, जिसमें युवा भक्तों ने उत्साहपूर्ण ढंग से हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन किया

# प्रभु कृष्ण की भक्ति में लीन होकर नव वर्ष का स्वागत

## इस्कॉन की भजन सध्या में भगवान कृष्ण का आशीर्वाद ने पहुंचे हजारों श्रद्धालु





**पानीपत।** इस्कॉन के नव वर्ष उत्सव में भजन गायन करते हुए श्री कृष्ण भक्तजन तथा श्री बाबा श्याम के दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं का भीड। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ यानि इस्कॉन द्वारा शगुन फार्म्स में नववर्ष का भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और कृष्ण भक्ति में लीन होकर नए साल का स्वागत किया। कार्यक्रम में रॉक संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें युवा भक्तों ने उत्साहपूर्ण ढंग से हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन किया। बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, विभिन्न नृत्य प्रदर्शनों ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बना दिया। जबकि प्रसादम के माध्यम से श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट भोजन करवाया गया। इस अवसर पर मेयर कोमल सैनी, शिक्षा मंत्री के भाई हरपाल ढांडा, अवि जैन समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नव वर्ष पर लाखों श्रद्धालुओं ने किए श्री श्याम बाबा के दर्शन

- श्रद्धालु दूर-दूर से पैदल, ध्वज यात्रा और रथ यात्रा लेकर चुकलाना पहुंचे

**समालखा।** नव वर्ष के अवसर पर चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु दूर-दूर से पैदल, ध्वज यात्रा और रथ यात्रा लेकर चुलकाना धाम पहुंचे। कई भक्तों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद 'पेट पलनी यात्रा' और 'निशान यात्रा' करते हुए बाबा के दरबार तक अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर के बाहर भक्त रात से ही दर्शनों के लिए कतार में खड़े हो गए थे। इस अवसर पर गांव चुलकाना के चारों ओर बाबा के भंडारे चलते रहे। वहीं, श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम समालखा ने श्रद्धालुओं को शुद्ध देसी घी का भंडारा लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा।



**पानीपत।** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन विनोद धमीजा अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## निस्वर्थ सेवा करना समर्थ लोगों का कर्तव्य : विनोद

- हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित साहिल इंटरनेशनल में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता, आरएसएस के प्रचारक राजेश गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त डा. पंकज यादव, एसडीएम मनदीप कुमार,पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के भाई रोहतास पंवार, नगर निगम पार्षद अशोक कटारिया, पूर्व पार्षद लाकेश नांगरू, गौशाला सोसाइटी के सचिव सतीश गोयल, हरियाणा पंजाबी एकता मंच के अध्यक्ष सुनील तुली, डायर्स एसोसिएशन के प्रधान नीतिन अरोड़ा, गुरशरण सिंह बब्बू अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साहिल इंटरनेशनल के संचालक एवं हरियाणा चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पानीपत के चेयरमैन विनोद धमीजा कार्यक्रम के आयोजक रहे।

इस अवसर पर अतुल मित्तल, राजेंद्र खुराना, सुरेन्द्र अनेजा, अश्वनी मित्तल, राजीव तुली, नीरज अग्रवाल, पकंज शर्मा, राजीव अग्रवाल, विवेक गर्ग, रामप्रताप गुप्ता व सुदर्शन चुघ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है: डॉ मलिक

- आईबी कॉलेज में यज्ञ कर नव वर्ष का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नव वर्ष के पावन उपलक्ष्य पर आईबी पीजी महाविद्यालय में विधि-विधान के साथ हवन का आयोजन किया गया।

वहीं, हवन में कॉलेज की गवर्निंग बॉडी सदस्य रमेश नागपाल जी, युधिष्ठिर मिगलानी, रवि गोसाईं, प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मालिक, डॉ सुनीत शर्मा, डॉ. निधान सिंह आदि शिक्षकों आदि ने आहुति दी। जबकि संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर सोनिया ने हवन में मंत्रो उच्चारण किया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने कहा कि नववर्ष पर हवन आयोजित कर मन व वातावरण को शुद्ध किया जाता है। वेदों में कहा गया है कि घर की सुख शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना के लिए हवन करना श्री सनातन धर्म में प्रमुख कर्म माना जाता है। इस अवसर पर डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. प्रवीण, डॉ. सुनीता, डॉ. भगवंत कौर, प्रो हिमांशी, प्रो ज्योति, प्रो अश्वनी गुप्ता, प्रो विनय भारती, प्रो अंजलि गुप्ता, राम मेहर शर्मा, टिंकू कुमार, संगीता, पूनम के साथ सभी टीचिंग और नॉन-टीचिंग सदस्य उपस्थित रहे ।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में यज्ञ में मंत्रोचारण करते हुए शिक्षक आदि।

## शिक्षा इंसान की तरक्की की राहः महिपाल

- शिक्षा मंत्री ने यज्ञ कर अपना जन्मदिन मनाया व नव वर्ष का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि शिक्षा इंसान के जीवन की तरक्की की सबसे सशक्त रहा है। वहीं प्रदेश में राजकीय शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा व्यवस्था में लगातार सुधार जारी है। जनता का राजकीय शिक्षण संस्थाओं के प्रति विश्वास बढ रहा है। मंत्री ढांडा वीरवार को अपने निवास पर यज्ञ कर अपना जन्मदिन मनाया और नव वर्ष का स्वागत किया। इधर, बडी संख्या में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ता समेत प्रदेश भर से आए लोगों ने मंत्री महिपाल ढांडा को जन्मदिन की बधाई दी। इधर, आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत के अध्यक्ष एवं समाजसेवी रणदीप आर्य के मार्गदर्शन में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की स्काउट्स टुकड़ी ने शिक्षा मंत्री एवं उपाध्यक्ष हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा महिपाल ढांडा को मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी देकर स्वागत किया। जबकि विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं स्काउट्स मास्टर जगदीश चहल, स्कूल के कोषाध्यक्ष महताब मलिक, गाइड कैप्टन उज्ज्वल, नरेश गोस्वामी आदि ने मंत्री ढांडा को फूल भेंट किए।



**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के साथ हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की स्काउट्स। फोटो : हरिभूमि

## सर्दी से बचाव लिए जरूरतमंदों को किए कपड़े वितरित

- रक्तदान व पौधे लगा कर मनाया मंत्री कृष्ण का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का 69 वां जन्म दिवस मडलौडा स्थित उनके निवास स्थान पर मनाया। इस अवसर पर मंत्री ने पौधारोपण भी किया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर में बढ़ चढ क्र भाग लिया और उन्हें जन्म दिवस के साथ-साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। कैंप में 200 नागरिकों ने रक्तदान किया। वहीं, पंवार ने कहा कि मानव सेवा को सर्वोच्च मानते हुए उनके जन्मदिन और नववर्ष पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान एक ऐसा दान है, जिससे कई जरूरतमंदों को नया जीवन मिल सकता है। मंत्री पंवार ने अपने जन्मदिन पर 501 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि हर नागरिक को पौधे रोप कर उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। ये पौधे देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज पानीपत के सहायक प्रोफेसर ग्रीनमैन दलजीत ने उपलब्ध करवाए थे।



**पानीपत।** हरियाणा के मंत्री कृष्ण पंवार को पौधे भेंट करते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत।



**पानीपत।** समाज सेव संगठन के पदाधिकारी, निर्धनों के गर्म वस्त्र भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## समाज सेवा संगठन ने किए गर्म कपड़े वितरित

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन ने वीरवार को नव वर्ष पर उग्राखेड़ी मोड पर जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सहायतार्थ गर्म कपड़े भेंट किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक सिंगला एवं नितिन सिंगला रहे। इधर, सिंगला ने कहा कि समाज सेवा संगठन, सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरण कर पुण्य का कार्य कर रहा है। संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि जरूरमंद परिवारों के बच्चों को गर्म सूट जैकेट व महिलाओं को शाल भेंट किए गए है। उन्होंने नागरिकों से सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों को दानपुण्य करने की अपील की। इस अवसर पर प्रवीण जैन, गुलशन कटारिया, कैलाश जैन, अमित जैन, गौरव जैन, अशोक मखीजा आदि उपस्थित रहे।

### जलधारा तपस्या की

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सर्व समाज की सुख व समृद्धि की कामना से यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया और निर्धनों को गर्म वस्त्र भेंट किए। इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच मामन छाछिया, संजय सैन, रामनिवास गाहल्याण, सोनू, मोहन लाल सैनी, सतीश, धर्मपाल, सत्ता, मग्गू, दिनेश, उमेध, वीरेंद्र, नवीन, राजा व साहब सिंह आदि उपस्थित रहे।

### लूट के तीन आरोपी पकडे

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी से काम कर कमरे पर लौट रहे श्रमिकों से रज्जापुर गांव के नजदीक मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने के तीन आरोपियों रिंकू उर्फ गोरा पुत्र हंसराज व अमन पुत्र शेरू निवासी बखरपुर व सौरभ पुत्र सुभाष निवासी जफरपुर सोनीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना सदर में रमेश चंद बिंद पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी भानीपुर धीरपुर गोपीगंज भदोही यूपी हाल किरायेदार रज्जापुर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### शालिका बनी राष्ट्रीय समन्वयक

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराना निवासी कांग्रेस नेता शालिका कुराना को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं, शालिका ने अपनी नियुक्ति के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महिला सेल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कांग्रेस के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने और पार्टी के हितों के लिए आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

### गोसेवा कर मनाया जन्मदिन

**पानीपत।** पानीपत बरसत रोड स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला में गौ सेवा कर समाजसेवी दिनेश खुराना ने अपना 51वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि धरती पर गाय, भगवान का स्वरूप है। गाय में सभी देवी व देवता निवास करते है। सभी को गौ का पालन, सेवा व रक्षा करते हुए गौशाला में सामर्थ के अनुसार दानपुण्य करना चाहिए।

### बीएसएनएल का सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना में बीएसएनएल के टावर से अज्ञात चोरों ने तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। इधर, एटीसी टेलीकॉम कंपनी के टेक्नीशियन बिजेंद्र की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोर टावर से पावर केबल, जंफर, सिफरी फाइबर केबल आदि चोरी कर ले गए। वहीं, बिजेंद्र ने चोरी के संबंध में बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों को भी चोरी की घटना की जानकारी दी है।

**आयोजन** यज्ञ व भंडारे का आयोजन कर नव वर्ष का स्वागत किया

जो हाथ मानवता की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकड़ते हैं

## समाज में भाईजचारा जितना मजबूत होगा तरक्की के उनते ही द्वार खुलेंगे : डॉ नैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी ने अपने परिजनों के सभी मिलकर नववर्ष पर यज्ञ किया और भंडारे का आयोजन कर हजारों लोगों का प्रसाद वितरित किया। डॉ नैन ने कहा कि समाज में भाईचारा जितना मजबूत होगा, हर बिरादरी तेजी से तरक्की करेगी। सद्भवना, मानवता की मजबूती का आधार है।

उन्होंने नागरिकों से अपनी सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों को दानपुण्य करने, निर्धन वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने में मदद करने, कन्याओं का विवाह कराने का आह्वान करते हुए कहा कि जो हाथ मानवता की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकडते है। इधर, यज्ञ में इनेलो के प्रधान महासचिव किसान सैल चौधरी प्रेम सिंह भालसी, क़ानून प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, शिव गौशाला गांव नारा के प्रधान लहरा सिंह, बलवान भालसी, कर्ण सिंह बांगड़, प्रेम सिह बांगड, लखपत रोड, जोगिंदर सिह काबडी, मास्टर विजेंद्र काबडी, पवन जागलान, राजेन्द्र सिंह कवि, सत्यवान भालसी, डा विकास चहल, डॉ भारद्वाज, लोकेश रूहल झट्टीपुर समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।



**पानीपत।** नव वर्ष पर यज्ञ करते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी आदि।



**समालखा।** वृंदावन एंक्लेव में सीता राम कॉलोनी वासी प्रसाद बांट बांटते हुए।

## खीर बांट कर नए साल का स्वागत किया

**समालखा।** समालखा के वृंदावन एंक्लेव में सीता राम कॉलोनी निवासियों ने खीर व हलवे का प्रसाद बांट कर नए साल का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मनोनीत पार्षद वीरेंद्र कुमार अतिथि के रूप में पहुंचे। वहीं वीरेंद्र ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी और कॉलोनी की समस्याओं का हल विधायक मनमोहन भडाना से कराने का आश्वासन दिया। इधर, समाजसेवी राजकुमार जांगड़ा व एडवोकेट संजय रावल ने कहा नववर्ष के अवसर पर कॉलोनी वासियों द्वारा भंडारे का आयोजन सद्भावना बढाने के लिए किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर कमेटी प्रधान दिलावर सिंह गहल्याण, विनोद लाहोट, रत्न सिंह रंगा, राजकुमार जांगड़ा, डॉ सुरेश, राकेश, विवेक, अश्विनी, सियानंद, राजेंद्र सुर्खी, विराल जांगड़ा, संदीप, धीरज, सुभाष, कुलदीप, अनीता देवी, बीरो, मीनाक्षी, ममता आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ भांगी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता जगदीश ने 31 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27/28 दिसंबर 2025 की रात्रि दुखेड़ी मोड फ्रूट की दुकान के सामने अंबाला छावनी में आरोपी रोहित ने रंजिश के कारण उसके पुत्र सुनील कुमार की हत्या करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। परिवादी मंगत राम ने 31 दिसंबर 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 दिसंबर को गांव बुढाखेड़ा में आरोपी प्रवीण व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने संलिप्त अन्य आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 11 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2025 को सिंघ ढाबा में आरोपी अनिल कुमार व अन्य ने उसके पति से लड़ाई झगड़ा करते हुए डंडे, लोहे की रॉड व ईंटो से मारपीट कर चोट पहुंचाई। चोट लगने के कारण उसके पति की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पहले दिन छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन से की गई, जिससे वातावरण में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार हुआ। शिविर का औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

# देशभर में सोलर प्लांट लगवाने वाले एक करोड़ उपभोक्ताओं को मिली सब्सिडी

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने सोलर प्लांट लगवाने की एवज में दी जा रही सब्सिडी से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा गांव सौंडा के सामुदायिक भवन में बिजली दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर अधीक्षक अभियंता वी.के गोयल व कार्यकारी अभियंता हरीश गोयल व बिजली निगम के अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में खुशियां व समृद्धि आए इसकी प्रभु से कामना भी की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं जिसका वे लाभ उठाएं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना क्रियान्वित हैं। कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक सब्सिडी दिए जाने का भी प्रावधान है। बताया कि मार्च 2027 तक 2 लाख 20 हजार रुपये टॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। घरों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाने के लिए अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी दी जाती है। अब तक देश में एक करोड़ घरेलू आवेदकों को यह सब्सिडी उपलब्ध करवा दी गई है। पूर्व राज्य मंत्री ने इस योजना के बारे में बताया कि 1.80 लाख रूपए तक की वार्षिक आय के लाभार्थियों को इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा दो किलोवाट तक सोलर प्लांट पर 30 हजार रूपए प्रति किलोवाट के हिसाब से अधिकतम 60 हजार रूपए सब्सिडी दी जाती है। केंद्र सरकार द्वारा अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी तथा राज्य सरकार द्वारा 2 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर 25 हजार प्रति किलोवाट के हिसाब से अधिकतम 50 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है।


बिजली दरबार में मौजूद लोग।

### नुकसान से बचाने वाला फैसला

गोयल ने इस मौके पर दरबार में पहुंचे सभी उपभोक्ताओं को कहा कि बिजली निगम द्वारा समय-समय पर उनके हित के लिए जो योजनाएं चलाई जाती है उन योजना का भी लाभ उठाएं। इस अवसर पर बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया। इच्छुक उपभोक्ता घर बैठे आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार की परेशानी होने पर उपभोक्ता अपने नजदीकी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता हैं। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता हरीश गोयल, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, संजीव गोयल टोनी, आशीष टक्कर, निगम सदस्य सरदूल, टेकचंद मानोखेडी, सौरभ सिंगला, सुदर्शन सौंडा भी मौजूद रहे।

## डीईओ ऑफिस में नववर्ष का आगाज

# 'नो पेंडेंसी एट माई डेस्क' का पोस्टर प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नव वर्ष 2026 का स्वागत एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल के साथ किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों ने अपनी-अपनी सीट पर किसी भी प्रकार की फाइल या कार्य लंबित न होने का संदेश देते हुए 'नो पेंडेंसी एट माई डेस्क' का पोस्टर प्रदर्शित कर एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पिछले दिनों जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित सभी महत्वपूर्ण प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया गया। इनमें 133 एसीपी प्रकरण, 140 मेडिकल बिल, 127 एलटीसी, 49 चाइल्ड केयर लीव, 6 प्राइवेट स्कूलों की मान्यता संबंधी तथा 9 जीपीएफ एडवांस के मामले शामिल हैं। इसके साथ ही कष्ट निवारण से जुड़े सभी पोर्टलों पर प्राप्त कुल 52 शिकायतों का भी निराकरण कर जिला शिक्षा अधिकारी के खाते में पेंडेंसी को पूर्णतः शून्य कर दिया गया है। यह उपलब्धि कार्यालयीन कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता और समयबद्धता का उदाहरण है।



अंबाला। ऑफिस मे कर्मचारियों के साथ नए साल का जश्न मनाते डीईओ सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि उन्होंने 24 सितंबर को कार्यभार ग्रहण करते ही कर्मचारियों की बैठक लेकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि वर्ष 2026 में किसी भी स्थिति में पिछले वर्षों का कोई लंबित कार्य नहीं ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि "हम सभी के लिए नव वर्ष तभी वास्तव में मंगलमय होगा, जब हम बीते वर्ष का कोई भी बोझ अपने साथ नहीं ले जाएंगे। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक माह कर्मचारियों से उनकी सीट से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रोफार्मा के माध्यम से एकत्र की गई, जिससे पुराने प्रकरणों का निराकरण होता रहा और नए प्रकरण लंबित न रहने पाए। इस सतत समीक्षा और प्रेरणादायी अपील का कर्मचारियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप 1 जनवरी 2026 को कार्यालय के लगभग सभी कर्मचारियों ने गर्व के साथ 'नो पेंडेंसी एट माई डेस्क' का पोस्टर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी 'हैप्पी न्यू ईयर 2026' का पोस्टर दिखाते हुए कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

# विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य और समाज में भूमिका के बारे में जानकारी दी

- शिविर के पहले दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विधिवत रूप से हो गया। यह शिविर 7 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें विद्यालय की कक्षा 12वीं के 100 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कैम्प की शुरुआत प्राचार्य जगदीश मेहरा के मार्गदर्शन में शिविर की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं पुष्प अर्पण के साथ की गई। इसके उपरांत "वंदे मातरम्" तथा एनएसएस का गीत 'स्वयं सजें वसुंधरा सवार दें' का सामूहिक गायन करवाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार एवं परवीन कौर ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य और समाज में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में गांव के सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह एवं एसएमसी प्रधान हेमराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य जगदीश मेहरा ने स्वयंसेवकों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एनएसएस की उपयोगिता बताते हुए आगामी सात दिनों में आयोजित होने वाली गतिविधियों से अवगत करवाया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को शारीरिक व्यायाम एवं योग अभ्यास करवाया गया। दोपहर के भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिविर के पहले दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।


अंबाला। मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हर इंसान को अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य अवश्य करना चाहिए: कंसल

**शहजादपुर।** नए वर्ष के अवसर पर साईं भक्तों द्वारा श्री सांई मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया से आए श्री सांई बाबा के भगत अमित कंसल, उनकी धर्मपत्नी पलक व अन्य परिजनों ने मंदिर कमेटी के सहयोग से जरूरतमंद लोगों सर्दी से राहत दिलाने के लिए कंबल बांटे और साथ ही भंडारे का आयोजन किया। सांई भगत अमित कंसल ने कहा कि काफी समय से इस तरह का पुण्य करने का निर्णय लिया गया था जिसे अब पूर्ण किया गया है। कहा कि इस पुण्य कार्य से मन को शांति व शकुन मिला है। अमित कंसल ने कहा कि हर इंसान को अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शर्दी अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके पास इस सर्दी से बचने के लिए कपड़े भी नही होते हैं। इसी बात को को लेकर परिवार के सदस्यों के यह निर्णय लिया गया कि गरीब जरूरतमंद लोगों को ठिठुरती शर्दी से बचने के लिए कंबल दिए जाएं। मंदिर कमेटी के प्रधान अमित गुप्ता ने कहा कि आज नववर्ष का पहला दिन है। इस तरह के कार्य करने से पुण्य मिलता है। भयंकर सर्दी में अगर किसी व्यक्ति को जरा सा भी सहारा मिल जाए तो उसकी आत्मा हमेशा दुआएं देती है।


शहजादपुर। लोगों को खाना वितरित करते आयोजक।

# आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें छात्राएं: प्रो. सुषमा



**बराड़ा।** उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों में लैंगिक संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता विकास तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सहोता द्वारा महिला सशक्तिकरण के महत्व पर आधारित उद्घाटन सत्र से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में उच्च शिक्षा में महिलाओं की भूमिका, लैंगिक समानता एवं समान अवसरों की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुषमा शर्मा ने छात्राओं को महिला अधिकारों, संवैधानिक प्रावधानों, कार्यस्थल पर गरिमा, तथा शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यशाला के समापन सत्र में बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव सांझा किए।

## थंबड़ में चल रहे एनएसएस शिविर का समापन

# हेड बॉय कुणाल व हेड गर्ल की ट्रॉफी भारती को मिली

- सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शिविर के सातवें व अंतिम दिन की शुरुआत "वंदे मातरम्" एवं लक्ष्य गीत "उठे समाज के लिए उठें" के सामूहिक गायन से की गई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास कर दिन का शुभारंभ किया। कैम्प के समापन समारोह में गांव थंबड़ के समाजसेवी बलराम एवं कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विशेष रूप से डिजिटल साक्षरता अभियान, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में चेतना फैलाने के प्रयासों को सराहनीय बताया। सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस टी-शर्ट व उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए हेड बॉय कुणाल एवं हेड गर्ल भारती को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।



बराड़ा। समापन कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चे व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वयंसेवकों ने बताया कि कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उन्हें सात दिनों तक अनुशासन, सेवा-भाव और आत्म-विकास के लिए निरंतर प्रेरित किया गया तथा जीवन को बेहतर दिशा देने वाली अनेक सीख दी गई। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में सामूहिक फोटो सत्र के साथ सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का विधिवत समापन किया गया।

## विभिन्न दलों से सैकड़ों भाजपा में शामिल

# साल के पहले ही दिन भाजपा ने विरोधी दलों को दिया बड़ा झटका

- पूर्व मंत्री असीम ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया

**अंबाला।** भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों को लगातार झटके दे रही है। 2026 की शुरुआत भी राजनीति में इसी सियासी हलचल के साथ हुई, जब विभिन्न दलों से जुड़े और निगम चुनाव लड़ चुके नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सभी नेताओं को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में विधिवत शामिल कराया। यह राजनैतिक घटनाक्रम अंबाला शहर स्थित पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निवास पर हुआ। वार्ड नंबर 20 और वार्ड नंबर 10 से चुनाव लड़ चुके नेताओं ने अपने-अपने समर्थकों सहित भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा भी मौजूद रहे। गोयल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वार्ड 20 से चुनाव लड़ चुके निकुंज तथा वार्ड 10 से चुनाव लड़े राजीव कुमार अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए है।


अंबाला। पूर्व मंत्री के आवास पर भाजपा ज्वाइन करते विरोधी दलों के नेता।

## मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने किया शुभारंभ

# अंबाला: सेक्टर-7 की सड़कों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने शहर के सबसे पोश इलाके सेक्टर 7 की मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य को शुरू करवाया। पिछले कई वर्षों से सेक्टर 7 की टूटी हुई मुख्य सड़कों को लेकर सेक्टर 7 निवासियों में भारी रोष था। बीच-बीच में रिपेयर के ठेके लगने के बावजूद सेक्टर 7 की मुख्य सड़कों के हालात खराब रहे। सेक्टर के लोगों के अलावा हिसार रोड से दिल्ली रोड को जाने वाले शहरवासी नित्य प्रति सेक्टर 7 की सड़कों का इस्तेमाल करते हैं। भारी ट्रैफिक में मुख्य सड़कों से गुजरने के कारण इन सड़कों पर जगह जगह बड़े गड्ढे पड़ गए थे। लंबे समय से सेक्टर 7 की वेलफेयर सोसायटी वी सेक्टरवासी मेयर से मिलकर सेक्टर 7 की इन सड़कों को बनवाने के लिए आग्रह कर रहे थे। पंचायत भवन के सामने से सेक्टर 7 मार्केट तक, गैलेक्सी मॉल से मकान नंबर 408 तक और सेक्टर 7 के गेट नंबर 1 से 87 नंबर मकान तक चार मुख्य सड़कों का निर्माण लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।


अंबाला। सड़क का शुभारंभ करती मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## कार्यक्रम | ब्रह्माकुमारीज शांतिधाम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

वर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक विचारों के साथ हो रही

# नए साल पर जीवन के आचार विचार व्यवहार में नवीनता लेकर आए इंसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम की ओर से वीरवार को नव वर्ष के आगमन पर शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंबाला सब जोन की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि नव वर्ष में विशेष अमृतवेले के समय हम परमात्मा से सुख, शांति, आनंद, व प्रेम से स्वयं को भरपूर कर सकते हैं। विशेष संकल्पों में दृढ़ता ला करके, दृढ़ता जो सफलता की चाबी है। ऐसा दृढ़ संकल्प करके चलेंगे तो परमात्मा जिसे हम प्यार से बाबा कहते है उनकी दुआएं वरदान प्राप्त करते हुए दूसरों को भी सकारात्मकता दे सकेंगे। दीदी ने कहा परिवारों सहित परिवार में रहते हुए खुश रहो, खुशियां बांटों, खुशियां देते रहो, खुशियों से भरपूर रहो ऐसी मेरी शुभभावना हैं। दीदी ने कहा इस साल के साथ साथ हमारे जीवन में भी कुछ नया हो हमारा आचार विचार व्यवहार सब में कुछ नवीनता हो,जो बुराई पिछले साल हमारे जीवन को परेशानी में डालती रही या हमारी उदासी का कारण बनी इस साल हम ऐसी बुरी आदत को पुराने साल के साथ विदाई दें।


अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद लोगो को संबोधित करती बीके आशा दीदी।

### ये रहे मौजूद

अधिवक्ता कमलेश गुप्ता ने सभी को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं जो हमारा साल का पहला दिन हमने इस इश्वरिये परिवार के साथ बिताया। वर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक विचारों के साथ हो रही है। यहां के सकारात्मक वातावरण के संग में आकर आज हमने अपने मन को एक नई दिशा दी है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी व ब्रह्माकुमार स्वतंत्र भाई ने दयालबाग सेवाकेंद्र द्वारा 2025 में जन कल्याण हित की गई सेवाओं व उपलब्धियां का संक्षिप्त विवरण दिया। कुमारी कुमकुम व कुमारी सना ने बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। कुमारी सोनम, पार्वती, सोना, जानवी, पूजा, ने बहुत सुंदर नाटक की प्रस्तुति द्वारा बताया कि किस प्रकार मौजूदा पीढ़ी मोबाइल की बुरी आदत में फंस उसकी एडिक्टेड हो गई है। इस अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार, रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन शर्मा, व्यापारी सुकेश व कारोबारी राकेश गुप्ता भी मौजूद रहे।